विश्व एड्स जागरुकता पखवाडा : एक विवरण

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा और हरियाणा राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकुला के निर्देशानुसार 01 अगस्त, 2017 से 15 अगस्त, 2017 तक महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब और युथ रैड क्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स जागरुकता पखवाड़ा के अन्तर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें आज दिनांक 09–08–2017 को महाविद्यालय सभागार में बादशाह खान सरकारी हस्पताल फरीदाबाद के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. अनुप सिंह ने मुख्य वक्ता के रुप में एच.आई.वी./एड्स के कारणों व बचाव के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में एच.आई.वी. संक्रमित लोगों के बढ़ते आंकड़ो पर चिन्ता व्यक्त की एवं उन्होंने यह भी बताया कि नशे के लिए प्रयोग में लाये जाने वाली इंजेकशन भी इस भयावह बिमारी को फैलाने में अहम भूमिका अदा करते हैं और कहा कि एड्स के रोगियों के प्रति हम सबको सहानुभूति रखनी चाहिए व एड्स से बचाव से ही सुरक्षा है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से सदाचार का संकल्प लेने की अपील की और कहा कि भारत विश्व में जनसंख्या के आधार पर दूसरे स्थान पर है फिर भी यह एड्स पीडितों कि संख्या में बहुत नीचे है क्योंकि हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता हमारे कवच बने हुए हैं अतः सावधानी व जागरुकता ही इसका सबसे बढ़िया इलाज है।

इस वार्ता कार्यक्रम में महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब और यूवा रैड क्रॉस की तीनों इकाईयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि 15 अगस्त तक चलने वाले इस जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत निबन्ध लेखन, स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, मानवीय श्रंखला बनाकर विद्यार्थियों को संदेश दिया जाएगा। इसके अलावा हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा तैयार की गई एक फिल्म भी विद्यार्थियोम को दिखाई जाएगी। इस अवसर पर यूथ रैड़ क्रॉस की युनिट II के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद राठी व युनिट III के डॉ. लवकेश भी उपस्थित थे। डॉ. विनोद राठी ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों को सतर्क व तपस्वी रहने के लिए प्रेरित किया।